किसी की नस्ल, धर्म, राष्ट्रीय मूल, या अन्य विशेषताओं के आधार पर उससे नफरत या भेदभाव NYC में बर्दाश्त नहीं किया जाता।

यदि आपको अथवा आपके किसी परिचित को आपकी पहचान — जिसमें आपकी नस्ल, जातीयता अथवा धर्म शामिल हैं — के कारण शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया हो अथवा आप पर हमला किया गया हो, तो कृपया 911 पर कॉल करें।

NYPD के अधिकारी सहायता मांगने वाले किसी भी व्यक्ति की आप्रवास स्थिति के विषय में नहीं पूछेंगे तथा भाषा संबंधी सहायता उपलब्ध है। अधिकारीगण उन व्यक्तियों को उनके लिए उपलब्ध पीड़ित सहायता सेवाओं से जोड़ने में भी सहायता कर सकते हैं।

आप किसी अपराध के भावनात्मक, शारीरिक एवं वित्तीय परिणाम से निपटने तथा दूसरे विकल्पों का पता लगाने में सहायता के लिए अपराध पीड़ित अधिवक्ता से भी संपर्क कर सकते हैं। सभी अपराध हॉटलाइन को 1-866-689-HELP (4357) TDD: 866-604-5350 पर कॉल करें।

यदि आपको अथवा आपके किसी परिचित को आपकी पहचान के कारण किसी व्यवसाय, नियोक्ता या मकान मालिक द्वारा परेशान किया गया है या उसके साथ भेदभाव किया गया है, तो कृपया NYC मानवाधिकार आयोग को 212-416-0197 पर कॉल करें।

आपको आपकी नस्ल, धर्म, राष्ट्रीय मूल, आयु, आप्रवासन स्थिति, विकलांगता, या अन्य संरक्षित वर्गों के आधार पर आवास, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर भेदभाव से NYC मानवाधिकार आयोग द्वारा लागू NYC मानवाधिकार कानून के तहत सुरक्षा प्राप्त है। उल्लंघन करने वालों को पीड़ितों को जुर्माना तथा/अथवा हर्जाना देना पड़ सकता है। **प्रशिक्षण का अनुरोध करने के लिए, जिसमें मौके पर मौजूद लोगों द्वारा हस्तक्षेप के लिए प्रशिक्षण भी शामिल है, 212-416-0197 पर कॉल करें या nyc.gov/humanrights पर विजिट करें।**

क्या आपको आप्रवासन से संबंधित कानूनी सहायता की आवश्यकता है?

यदि आप कुछ गंभीर अपराधों (श्रम या यौन तस्करी सहित) से पीड़ित व्यक्ति हैं, तो आप कुछ प्रकार की आप्रवासन राहत के लिए पात्र हो सकते हैं। मुफ़्त और सुरक्षित आप्रवासन संबंधित कानूनी सहायता के लिए, अपनी आप्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना, **शहर की आप्रवासन कानूनी हॉटलाइन 1-800-354-0365 पर सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच कॉल करें।**

क्या आपको मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहिए?

यदि आप या आपका कोई प्रियजन चिंतित या तनावग्रस्त है, तो NYC 988 से मदद मिल सकती है। NYC 988 मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए एक निःशुल्क, गोपनीय हेल्पलाइन है जो दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन 200 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है। **काउंसलर से बात करने के लिए 988 पर कॉल या टेक्स्ट मैसेज करें या 988lifeline.org/chat पर ऑनलाइन चैट करें।**

NYC | Office for the Prevention of Hate Crimes | Office of Community Mental Health | Mayor's Office of Immigrant Affairs | Commission on Human Rights